Bharat Temples

बजरंगबली तेरा,
हम दर्श अगर पाए,
हे राम भगत तेरे,
चरणों में लिपट जाए,
बजरंगबली तेरा।।

अंजनी के लाल जग में,
तेरी महिमा भारी है,
हे पवन पुत्र तुम तो,
शंकर अवतारी है,
बिन देखे तेरी सूरत,
अब चैन नहीं आए,
बजरंग बली तेरा,
हम दर्श अगर पाएं,
हे राम भगत तेरे,
चरणों में लिपट जाए,
बजरंगबली तेरा।।

सूरज को निगल कर के,
बजरंगी कहलाए,
लंका को जला कर के,
सीता की खबर लाए,
लक्ष्मण को बचाने को,
पर्वत ही उठा लाए,
बजरंग बली तेरा,

हम दर्श अगर पाएं,
हे राम भगत तेरे,
चरणों में लिपट जाए,
बजरंगबली तेरा।।

मोतियन की माला को,
जब तोड़ तोड़ डाले,
बातों ही बातों में,
सीने को फाड़ डाले,
विभीषण ने देखा,
सिया राम नज़र आए,
बजरंग बली तेरा,
हम दर्श अगर पाएं,
हे राम भगत तेरे,
चरणों में लिपट जाए,
बजरंगबली तेरा।।

ओ सालासर वाले,
तेरा गुणगान करे,
ऐसा वरदान देवो,
घर घर तेरा नाम करे,
दो शक्ति हमें बाबा,
तेरी सेवा कर पाए,
बजरंग बली तेरा,
हम दर्श अगर पाएं,
हे राम भगत तेरे,
चरणों में लिपट जाए,
बजरंगबली तेरा।।

बजरंगबली तेरा,
हम दर्श अगर पाए,
हे राम भगत तेरे,
चरणों में लिपट जाए,
बजरंगबली तेरा।।

Singer : Lakkha Ji

Source:
https://www.bharattemples.com/bajrangbali-tera-hum-darsh-agar-paye-hindi/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw